एक नजर में

## जरूरतमन्द बच्चों को गर्म कपड़े व खाद्य सामग्री भेंट



**इंदौर.** डाक महिला संगठन द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्य किये जाते हैं, जिसमें प्रतिवर्ष सर्दियों में जरूरतमन्द बुजुर्ग एवं बच्चों को गर्म कपडों का वितरण भी किया जाता है. इसी के अंतर्गत आज डाक महिला संगठन के सदस्यों द्वारा प्रीती अग्रवाल, पोस्टमास्टर जनरल, इन्दौर परिक्षेत्र एवं संगठन अध्यक्ष के नेतृत्व में आश्रम के जरूरतमन्द बच्चों को उनी वस्त्र भेंट किये गये एवं पौष्टिक खाद्य सामग्री प्रदाय की गई.

## राष्ट्र विराट स्वदेशी हाट आज से

**इंदौर .** अखिल भारतीय स्वदेशी संघ के तत्वाधान में मध्यप्रदेश समग्र सेवा संघ द्वारा राष्ट्रीय विराट स्वदेशी हॉट का आयोजन 13 से 22 दिसम्बर तक मंगल सिटी के पास स्थित मैदान में किया जा रहा है. जन-जन में राष्ट्र प्रेम का भाव एवं स्वदेशी विचारों को प्रबल बनाने हेतु उक्त आयोजन किया जा रहा है. यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय स्वदेशी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पोरवाल ने बताया कि इस राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत अपनेपन के स्वदेशी भाव के साथ जन-जन के लिए देश के सभी प्रांतों से एवं भारतीय आये कलाकारों के एक से एक इनोवेटिव स्वदेशी उत्पादों को इंदौर की जनता को उपलब्ध कराने संस्कृति को प्रचारित प्रसारित करने हेतु यह मेला आयोजित किया जा रहा है. इसमें विभिन्न भारतीय केटेगिरी के गृह, लघु, स्टार्टअप, एमएसएमई एवं अन्य भारतीय कंपनियों के युनिक एवं लक्जरी उपभोक्ता वस्तुएं, हस्तशिल्प, हस्त करघा, गृह सज्जा, ए.आई. टेक्नॉलॉजी, मशीनरी, कटलरी,जैविक-प्राकृतिक उत्पाद, गारमेंट्स, होजयरी, जूते-चप्पल, साड़ी, खिलौने, फर्नीचर, जैसे सैकड़ो स्वदेशी उत्पादों के लगभग-350 स्टॉल इस मेले में लगाए जा रहे है. साथ ही विभिन्न शासकीय विभागों की लोक-कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है. मेला स्थल पर विशाल मंच भी बनाया गया है, जिस पर देश के प्रसिद्ध कलाकारों एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा लोकनृ वादन, कॉमेडी-शो तथा विभिन्न विषयों पर परिचर्चाएं, परामर्श विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया जायेगा. प्रतिदिन महिलाओं एवं बच्चों की विभिन्न आयु वर्ग अनुसार प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी.

## आर्किटेक्ट्स और स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स की पैनल चर्चा आज

**इंदौर.** सुदृढ़ संरचना और गुणवत्तापूर्ण सामग्री ही सुंदर और सुरक्षित वास्तुकला की असली रीढ़ हैं, और घर निर्माण करते समय - उचित प्लानिंग, प्रमाणित टी एम टी सरिया, सही गुणवत्ता का कंक्रीट, नियमित साइट सुपरविजन जैसे बिंदुओं को अनिवार्य रूप से अपनाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों तक निर्माण सुरक्षित रहे. इसी को ध्यान में रखते हुए वंडरस आर्किटेक्चर थ्रू एडवांस्ड स्ट्रक्चरल टेक्नोलॉजीज़ विषय पर एक महत्वपूर्ण पैनल चर्चा 13 दिसंबर को होटल रेडिसन रेड में आयोजित की जाएगी. कार्यक्रम में देश के प्रमुख आर्किटेक्ट्स और स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स आधुनिक निर्माण, इनोवेशन और बिल्डिंग सेफ़्टी पर अपने अनुभव साझा करेंगे. कार्यक्रम के बारे में बताते हुए इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ आर्किटेक्ट्स, इंदौर सेंटर की मानद सचिव आर्किटेक्ट स्नेहल सोनटक्के ने कहा हमारा उद्देश्य केवल इमारतें खड़ी करना नहीं, बल्कि वंडरस आर्किटेक्चर का निर्माण करना है जो सौंदर्य और सुरक्षा का बेहतरीन संतुलन हो.इस पैनल चर्चा के माध्यम से हम आर्किटेक्ट्स और स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स को एक मंच पर ला रहे हैं ताकि वे अत्याधुनिक तकनीकों और सही मटीरियल के चयन पर अपने अनुभव साझा कर सकें. आईडीए के सीईओ डॉ. परीक्षित संजयराव झाड़े, की मुख्य आतिथ्य में होने वाली इस परिचर्चा में आर्किटेक्ट मनोज श्रीमाल, वरिष्ठ इंजीनियर संजय कुमार जैन, इंजीनियर डी.एस. परिहार और इंजीनियर दीपक एस शाह पैनलिस्ट होंगे और मॉडरेशन इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ आर्किटेक्ट्स, इंदौर सेंटर की सचिव आर्किटेक्ट स्नेहल सोनटक्के करेंगी. कार्यक्रम के प्रायोजक गोयल टीएमटी के मप्र सेल्स हेड अश्वनी रावत व डिस्ट्रीब्यूटर नीरज वर्मा आर्किटेक्ट्स और स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स को अपने उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में प्रेज़न्टैशन देंगे.

# चंदन नगर के बाद अब खजराना में भी फर्जी गवाह कांड

- खजराना थाने में भी कई केस में वही दो गवाह
- पुलिस कमिश्नर ने डीसीपी को दिए जांच के आदेश




**इंदौर.** पुलिस में लगातार सामने आ रहे पॉकेट गवाहों के मामलों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. चंदन नगर थाना क्षेत्र में दो व्यक्तियों को कई मामलों में गवाह बनाने के खुलासे के बाद अब खजराना थाना भी संदेह के घेरे में आ गया है. मामला उजागर होने पर पुलिस कमिश्नर ने डीसीपी को जांच के निर्देश दिए हैं. वहीं डीसीपी ने तत्कालीन थाना प्रभारी को नोटिस जारी किया है.

दरअसल, चंदन नगर थाने में कई मामलों में आमिर और सलमान नाम के दो व्यक्तियों को ही गवाह बनाने का मामला सामने आने पर सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को कड़ी फटकार लगाई थी. अदालत ने थाना प्रभारी से यहां तक कह दिया था कि तुम दुर्भाग्य से उस कुर्सी पर बैठे हो, तुम्हें वहां नहीं होना चाहिए. इस प्रकरण ने पुलिस की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए थे.

अब इसी तरह का मामला इंदौर के खजराना थाने में भी सामने आया है. वर्ष 2022 से 2023 के बीच दर्ज कई मामलों में नवीन और इरशाद नाम के दो ही लोगों को गवाह बनाया गया है. इससे यह आशंका जताई जा रही है कि यहां भी कई मामलों में फर्जी गवाह खड़े किए गए. पॉकेट गवाहों की वजह से ना सिर्फ केस कमजोर होते हैं, बल्कि आरोपी के बरी होने की संभावना भी बढ़ जाती है.

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल

मामला सामने आने के बाद डीसीपी कृष्णलाल चंदानी ने तत्कालीन थाना प्रभारी दिनेश वर्मा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. हालांकि, पहले नोटिस का जवाब नहीं देने पर अब दूसरा नोटिस जारी किया जा रहा है. लगातार कई थानों में ऐसे मामलों के सामने आने से पुलिस की छवि पर सवाल उठने लगे हैं और इन खुलासों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है.

# कलेक्टोरेट घेरने पहुंचे युवक कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में ड्रग्स और ट्रैफिक अव्यवस्था के विरोध में हुए प्रदर्शन के बाद युवक कांग्रेस नेताओं पर पंढरीनाथ थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है. प्रदर्शन के दौरान बैरिकेड तोड़ने और बिना अनुमति डीजे बजाने का आरोप है, मामले में पुलिस जांच कर रही है.**

ज्ञात हो कि पिछले सोमवार को युवक कांग्रेस ने शहर में बढ़ते नशे के कारोबार और बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर कलेक्टोरेट पर विरोध प्रदर्शन किया था. थाना प्रभारी अजय राजोरिया ने बताया कि 8 दिसंबर को युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल के नेतृत्व में अमन पटवारी, विपिन वानखेड़े, निखिल वर्मा, दानिश खान सहित कई कार्यकर्ता कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और घेराव की कोशिश की. उसी मामले में प्रकरण दर्ज किया है, प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड पर चढ़कर कलेक्टर कार्यालय में घुसने का प्रयास किया और आम रास्ते पर बाधा डालकर लोगों की आवाजाही रोकी. इन आरोपों के आधार पर नेताओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है. प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए पहले हल्का लाठीचार्ज किया, लेकिन जब प्रदर्शनकारी नहीं हटे तो वाटर कैनन का उपयोग कर उन्हें पीछे किया था. थाना प्रभारी ने बताया कि प्रदर्शन में शामिल वाहनों एमपी 04 जीए 4853 और एमपी 09 केए 5390 पर बिना अनुमति तेज आवाज में डीजे बजाया गया था, जिसके चलते पुलिस कमिश्नर के प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है.

# टाइगर गिनती से पहले इंदौर वन मंडल का सर्वे हुआ पूरा

- पहले दिन जहां मांसाहारी जानवरों के निशान जुटाए
- दूसरे दिन शाकाहारी प्रजातियों के आवास



**इंदौर.** राष्ट्रीय टाइगर गिनती की तैयारी को पक्का करने के लिए इंदौर वन मंडल की टीमों ने जंगलों में दो दिन तक शाकाहारी और मांसाहारी वन्यजीवों के निशान लिए, वहीं उनके रहने वाले इलाके का जमीनी सर्वे भी पूरा कर लिया है.

वन मंडलाधिकारी प्रदीप मिश्रा ने बताया कि ऑल इंडिया टाइगर एस्टीमेशन 2026 से पहले इंदौर वन मंडल ने दो दिवसीय अभ्यास के दौरान बड़े पैमाने पर फील्ड सर्वे पूरा कर लिया है. पहले दिन मांसाहारी जानवरों के निशान जुटाए गए थे, जबकि दूसरे दिन इंदौर, चोरल, महू और मानपुर परिक्षेत्रों के 102 बीट तथा रालामंडल अभयारण्य में शाकाहारी प्रजातियों की मौजूदगी और उनके आवास की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया गया. इस दौरान टीमों ने चीतल, नीलगाय, सांभर, ब्लैक बक, खरहा, लंगूर और मोर जैसी प्रजातियों के कई संकेत तलाशे जैसे चराई के निशान, ताजे खुरों के प्रिंट, विभिन्न प्रजातियों के मल-पेलिट्स और झाड़ियों पर चराई के दबाव के संकेत. सुबह तय मार्गों पर चलते हुए इन सभी चिन्हों को दर्ज किया गया, ताकि इलाके में शाकाहारी जानवरों की संख्या और उनकी गतिविधि का अंदाजा लगाया जा सके.

### यह जानकारी भी ली सर्वे के दौरान...

सर्वे के दौरान यह भी देखा गया कि जंगल की वनस्पति कैसी है, किन जगहों पर ज्यादा चराई का दबाव है, कहां लकड़ी कटाई के संकेत मिलते हैं और किन हिस्सों में मवेशियों की आवाजाही ज्यादा रहती है. अधिकारियों का कहना है कि ये सभी बातें जंगल के स्वास्थ्य और जानवरों की मौजूदगी को सीधा प्रभावित करती हैं. वन मंडलाधिकारी ने बताया कि इस तरह का अभ्यास जरूरी है, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली असली गिनती के दौरान फील्ड स्टॉफ कोई गलती न करे. इससे डेटा इकट्ठा करने की सटीकता बढ़ती है और टाइगर सर्वे के लिए भरोसेमंद जानकारी मिलती है.

# दान पेटियों से नोट के साथ निकले डॉलर और सोना-चांदी के जेवर

- - खजराना गणेश मंदिर की दान पेटियों अब तक डेढ़ करोड़ रुपएसे अधिक रुपए निकले
- तीन दिन से चल रही काउंटिंग, आज भी जारी रहेगी

**इंदौर. शहर के प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर की दानपेटियां हर बार की तरह इस बार भी तीन माह बाद खोली गईं. मंदिर परिसर में रखी 40 पेटियां काउंटिंग के लिए खोली गईं तो उसमें नोट, सोने-चांदी के गहनों के अलावा डॉलर व अन्य विदेशी मुद्रा भी निकली है. तीन दिन से चल रही गिनती शुक्रवार को भी जारी है. अब तक दान पेटियों से डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि निकली है.**

खजराना मंदिर में हर दिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं. बुधवार, शनिवार, रविवार और पर्व-त्योहारों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंचती है. श्रद्धालु मंदिर परिसर में जगह-जगह लगी दान पेटियों में वे चढ़ावा भी चढ़ाते हैं. इन पेटियों की दान राशि की गिनती हर तीन माह में की जाती है. बुधवार से शुरू हुई इस बार की गिनती में तीसरे दिन दोपहर तक करीब डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की राशि निकली है, जो पिछली गिनती की तुलना में कम है. जानकारी अनुसार हर बार दान पेटियों से निकलने वाली राशि कम होती जा रही है, जबकि मंदिर प्रबंधन का खर्च लगातार बढ़ रहा है. मंदिर में ऑनलाइन दान के लिए क्यूआर कोड भी लगाए गए हैं. भक्त उसका भी आजकल उपयोग कर रहे हैं. दान से मिली राशि से ही मंदिर प्रबंध समिति मंदिर में होने वाले सेवा कार्य और अन्न क्षेत्र संचालन के साथ ही धार्मिक आयोजन करती है.

**बंद हो चुके और नकली नोट भी मिले**-खजराना मंदिर से मिली जानकारी के अनुसार, नोटों की गिनती पच्चीस कर्मचारियों की टीम कर रही है और जिस कक्ष में नोट गिने जा रहे हैं, वहां सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं. इस बार दान पेटियों में बंद हो चुके 500 और 2000 रुपए के नोट भी मिले हैं. यही नहीं, कुछ नकली नोट भी दान पेटियों से निकले हैं. इस बार एक मोबाइल भी मिला है. इस बार सोने-चांदी के असली के साथ नकली आभूषण भी बड़ी मात्रा में मिले हैं.

### बप्पा बेटे के लिए संस्कारी-सुंदर बहू दे दीजिए

दानपत्रों में भक्तों की भावनाएं भी दिखाई दे रही हैं. दान पेटियों की गणना में बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भगवान गणेश को लिखे गए पत्र और पर्ची भी मिल रहे हैं. किसी ने गणपति बप्पा से जल्दी शादी कराने की मुराद की है तो किसी ने अच्छे नंबरों से पास होने की अर्जी लगाई है. वहीं कुछ ने परिवार के सदस्य की बीमारी दूर करने तो किसी ने संतान प्राप्ति की कामना की है. एक पत्र में एक माता ने बेंगलुरु में कार्यरत अपने बेटे के लिए संस्कारी-सुंदर बहू की प्रार्थना की है और तिल चतुर्थी पर यदि विवाह तय हो तो तिल के लड्डू का भोग लगाने की श्रद्धा व्यक्त की है. अन्य पत्रों में रोजगार एवं पारिवारिक विवाद के समाधान की भी अरदासें देखी गई हैं.

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान

नए एवं छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए आवेदन-पत्र

प्ररूप-6 (Form-6) एवं घोषणा-पत्र

घोषणा-पत्र की प्रविष्टियां भरने के लिए
- घोषणा-पत्र में प्रथमत: जन्मतिथि, आधार, मोबाइल, पिता, माता, पति/पत्नी संबंधित की जानकारी अंकित करें।
- पिछले SIR की मतदाता सूची में मतदाता (स्वयं का) या रिश्तेदार (पिता/माता/दादा/दादी) का विवरण बताए गए स्थान पर अंकित करें।

सर्च के लिए निम्न व्यवस्थाएं- पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में स्वयं अथवा पिता/माता/दादा/दादी का विवरण प्राप्त करने हेतु :-
- आपके क्षेत्र के मतदान केन्द्र के बीएलओ से सम्पर्क कर अथवा जिला प्रशासन द्वारा स्थापित अपने नजदीकी हेल्प डेस्क पर सम्पर्क कर सकते हैं।
- अन्य राज्यों के पूर्व SIR से संबंधित मतदाता सूची https://voters.eci.gov.in पर सर्च के लिए उपलब्ध है।
- मध्यप्रदेश राज्य की पूर्व SIR से संबंधित मतदाता सूची https://ceoelection.mp.gov.in पर सर्च के लिए उपलब्ध है।
- QR कोड पर स्कैन कर भी मतदाता अपना विवरण सर्च कर सकते हैं।

ceoelection.mp.gov.in /CEOMPElections @ceompelections /ceompelections /CEOMPSVEEP

- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गणना अवधि बढ़ाते हुए दिनांक 18.12.2025 की गयी है।
- दिनांक 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा या पूर्व में 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छूटे हुये आमजन मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 घोषणा-पत्र सहित आवेदन BLO/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दे सकते हैं। फार्म-6 या घोषणा-पत्र ECI Net ऐप/वेबसाइट https://voters.eci.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
- फार्म का निराकरण दिनांक 23.12.2025 से 22.01.2026 तक किया जावेगा तथा पात्र होने पर नाम दिनांक 21.02.2026 को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में सम्मिलित होगा।
- प्रविष्टियों में संशोधन हेतु फार्म-8 का उपयोग करें।

"कोई मतदाता छूट न जाए"

अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए टोल फ्री नंबर पर सम्पर्क करें 1950

D11159/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जनहित में जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025